# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा , राजस्थान जयपुर
वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं0:–0141–2740837 ,फैक्स 0141–2742309, ई–मेल:–jacct.dta@rajasthan.gov.in)


क्रमांक:– एफ.4(ई) जी–54 / अलेसे–III / 9454 दिनांक:– 26.11.2025

### कार्यालय आदेश

कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 में चयन होने के उपरांत विभागीय आदेश संख्या 241 / 2024–25 दिनांक 11.01.2025 के द्वारा श्री गंगा सहाय मीना, कनिष्ठ लेखाकार (रोल नं. 739880) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय कोषाधिकारी, करौली में पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री गंगा सहाय मीना द्वारा दिनांक 09.05.2025 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया गया। वर्तमान में विभागीय आदेश संख्या 353 / 2025–26 दिनांक 17.07.2025 के द्वारा श्री गंगा सहाय मीना का पदस्थापन कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, धौलपुर में किया गया है।

श्री गंगा सहाय मीना ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर व्यक्तिगत कारणों से आयकर विभाग, दिल्ली जोन में धारित कार्यालय अधीक्षक के पद पर, राजस्थान सेवा नियम, 1951 के नियम 15 के तहत पुनः कार्यग्रहण करने हेतु कनिष्ठ लेखाकार के वर्तमान धारित पद से त्यागपत्र स्वीकृत करने का निवेदन किया है। अतः श्री गंगा सहाय मीना का इनके प्रार्थना पत्र के आधार पर वर्तमान धारित कनिष्ठ लेखाकार के पद से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है। श्री मीना अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही अपने पूर्व विभाग में कार्यग्रहण कर सकेगें।

श्री गंगा सहाय मीना का त्यागपत्र स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार सीधी भर्ती परीक्षा, 2023 में कनिष्ठ लेखाकार पद पर चयनित होने से सम्बन्धित इनके सभी अधिकार समाप्त किये जाते है।

26/11/2025

(संध्या शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक:– एफ.4(ई) जी–54 / अलेसे–III / 9454 दिनांक:– 26.11.2025

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, धौलपुर को भेजकर लेख हैं कि श्री गंगा सहाय मीना, कनिष्ठ लेखाकार को कार्यमुक्त कर इस कार्यालय को सूचित करने को श्रम करावें।
2. वरिष्ठ निजि सचिव, निदेशक महोदय।
3. श्री गंगा सहाय मीना, कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, धौलपुर।
4. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
5. पदस्थापन सीट / निजि / रक्षित पत्रावली।

26/11/25

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)